दिन– गुरूवार | दिनांक– 25 / 06 / 2026

प्रसार भारत
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. संविधान हत्या दिवस पर याद आये आपातकाल के काले दिन। केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा – कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा।

02 भोजपुर कथित पुलिस मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच शुरू। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – जल्द होगा न्याय।

03. स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, लापरवाही के आरोप में हटाये गए पीएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह। डॉक्टर गीता सिन्हा को मिला प्रभार।

04. और, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान लू का अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————

आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को लगाए गए आपातकाल की याद दिलाता है, जब देश में संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। इस अवसर पर देश और प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आपातकाल संविधान पर सीधा हमला है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविता के माध्यम से आपातकाल के काले दिनों की याद दिलाई।

––साउंड बाइट––

————————————————————

प्रदेश भाजपा की ओर से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी नड्डा और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले चार सौ पचास जेपी सेनानियों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी

ने अंग्रेजों के समय बनाए गए मीसा कानून के तहत बिना कारण और बिना न्यायिक समीक्षा के एक लाख इकतीस हजार लोगों को जेल में बंद कर दिया था।

——साउंड बाइट——

केंद्रीय मंत्री ने आपातकाल के दौरान पटना से शुरू हुए जनआंदोलन को याद करते हुए कहा कि वह स्वयं भी इस संघर्ष के सहभागी रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या के विरुद्ध लड़ाई का बीज बिहार की धरती पर पड़ा था और यहीं से देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत हुई।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपातकाल के नाम पर कांग्रेस पार्टी ने प्रेस की स्वतंत्रता और संविधान के सभी मूल्यों का गला घोंट दिया था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की यही सीख है कि जनता संविधान और प्रजातंत्र का गला घोंटने वालों को समय आने पर मजबूती से जवाब देती है।

——साउंड बाइट——

——————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आपातकाल का विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को नमन किया है। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आपातकाल एक काला अध्याय था। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और जन स्वर की शक्ति को सदैव सर्वोपरि रखना ही लोकतंत्र सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

——साउंड बाइट——

——————————————————————

आपातकाल विरोधी आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल रहे सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने अपने संस्मरण साझा किये हैं। आकाशवाणी से बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र और नागरिकों के अधिकारों पर बड़ा प्रहार था।

——साउंड बाइट——

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों को समाप्त किये जाने की यादें दोहराई हैं।

——साउंड बाइट——

——————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि पच्चीस जून भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन है। श्री झा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उस आंदोलन के दौरान जेल में रहे थे।

——साउंड बाइट——

——————————————————————

विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी संविधान हत्या दिवस मनाया गया। मुंगेर के तीन नम्बर गुमटी के पास स्थित सामुदायिक भवन में भाजपा की ओर से आपातकाल के दौरान विरोध करने वाले सेनानियों का सम्मान किया गया। इधर, रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला। इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। अन्य जिलों में भी आपातकाल की वर्षगांठ को लोकतंत्र बचाओं के संकल्प के साथ मनाया गया।

——————————————————————

एनसीइआरटी ने शैक्षणिक सत्र– दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए कक्षा नौ की नई सामाजिक विज्ञान पुस्तक में आपालकाल पर अध्याय शामिल किया है। "Understanding Society: India and Beyond" नाम से शामिल अध्याय में आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के सामने आई बड़ी चुनौतियों में से एक बताया गया है। एनसीइआरटी ने पहली बार स्कूल स्तर पर आपातकाल को विस्तृत रूप से पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। इसे लेकर देशभर में नई बहस छिड़ गई है।

——————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भोजपुर कथित मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच से घटना का सच सामने आएगा। उन्होंने पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही रिपोर्ट आएगी और न्याय होगा।

——साउंड बाइट——

इधर, मामले की न्यायिक जांच शुरू कर दी गयी है। पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय आयोग ने आज सुबह घटना स्थल का दौरा किया। श्री सिन्हा ने पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों

से बात की। इस दौरान शाहाबाद के डीआईजी सत्यप्रकाश, जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। विभागीय अधिसूचना में कहा गया है कि डॉक्टर सिंह पर बिना सूचना अनुपस्थित रहने और अन्य कार्यों में लापरवाही का आरोप सत्यापन के क्रम में सही पाया गया। पीएमसीएच के स्त्री रोग एवं प्रसव विभाग में प्राध्यापक डॉक्टर गीता सिन्हा को कॉलेज के प्राचार्य का प्रभार दिया गया है।

————————————————————

ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा है कि राज्य में ऊर्जा उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मंडल ने कहा कि चौबीस जून को राज्य में नौ हजार अड़सठ मेगावाट के रिकॉर्ड बिजली की मांग को पूरा करने में विभाग सक्षम रहा है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गयी है और लगातार बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, पटना, नालंदा और गया समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, विभाग ने राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

——साउंड बाइट——

————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मुहर्रम को लेकर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। कल मुहर्रम की दसवीं तारीख यौम—ए—आशुरा के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर निकलने वाले अलम और ताजिया जुलूस के दौरान शांति और कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये

रखने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। अरवल समेत विभिन्न ज़िलों में वरीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इधर, पटना के फुलवारीशरीफ, पत्थर की मस्जिद, दानापुर, पटना सिटी समेत विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही जुलूस मार्ग और पहलाम स्थल के आस–पास अस्थायी पुलिस चौकी बनाया गया है।

———————————————————

मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सहनी टोला में पुलिस ने तीन फरार अपराधियों के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की है। इन सभी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————

अररिया जिले के रानीगंज और आरएस थाना क्षेत्र से पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

शिवहर व्यवहार न्यायालय में आज नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर जागरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————

मधुबनी जिले में नशामुक्त भारत सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन जांच के दौरान पुलिस ने बंदूक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सीतामढ़ी के जिलाधिकारी रिची पांडेय ने आज पुनौराधाम मंदिर निर्माण परियोजना के तहत निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. संविधान हत्या दिवस पर याद आये आपातकाल के काले दिन। केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा – कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा।

02 भोजपुर कथित पुलिस मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच शुरू। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – जल्द होगा न्याय।

03. स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, लापरवाही के आरोप में हटाये गए पीएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह। डॉक्टर गीता सिन्हा को मिला प्रभार।

04. और, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान लू का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।